सामाजिक विज्ञान

कक्षा 8

(भूगोल)

अध्याय 1: संसाधन

To get notes visit our website

mukutclasses.in

अभ्यास के प्रश्न

प्रश्न- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए

(i) पृथ्वी पर संसाधन असमान रूप से क्यों वितरित हैं?
उत्तर- प्राकृतिक संसाधन का वितरण भूभाग, जलवायु, ऊंचाई जैसे अनेक भौतिक कारको पर निर्भर करते हैं। पृथ्वी पर इन कारको में विभिन्नता होने के कारण संसाधन असमान रूप से वितरित हैं।

(ii) संसाधन संरक्षण क्या हैं?
उत्तर- संसाधनो का सतर्कतापूर्वक उपयोग करना और उन्हें नवीकरण के लिए समय देना, संसाधन संरक्षण कहलाता है।

(iii) मानव संसाधन महत्वपूर्ण क्यों हैं?
उत्तर- पृथ्वी पर और अधिक संसाधन तैयार करने के लिए ज्ञान, कौशल और प्रौद्योगिकी की जरूरत होती है। इसलिए मानव संसाधन महत्वपूर्ण होता है क्योकि मनुष्य ही मूल्यवान संसाधन बनाने में सहयोग करता है।

(iv) सततपोषणीय विकास क्या है?
उत्तर- संसाधनो का उपयोग करने की आवश्कता और भविष्य के लिए उनके संरक्षण में संतुलन बनाए रखना सततपोषणीय विकास कहलाता हैं।

प्रश्न-2 सही उत्तर पर निशान लगाईए।

(i) निम्नलिखित में से कौन संसाधन को निर्धारित नही करता ?
(क) उपयोगिता
(ख) मूल्य
(ग) मात्रा

(ii) निम्नलिखित में से कौन सा मानव निर्मित संसाधन है?
(क) कैंसर उपचार की औषधियाँ
(ख) झरने का जल
(ग) उष्णकटिबंधीय वन

(iii) कथन पूरा कीजिए- जैव संसाधन___________ होते है।
(क) जीव जन्तुओं से व्युत्पन्न
(ख) मनुष्यों द्वारा निर्मित
(ग) निर्जीव वस्तुओं से व्युत्पन्न

उत्तर- (i) (ग), (ii) (क), (iii) (क)

प्रश्न 4: क्रियाकलाप
" रहिमन पानी राखिए बिनु पानी सब सून
पानी गए न ऊबरे मोती, मानुस, चून "
ये पंक्तियाँ अकबर के दरबार के नौ रत्नों में से एक कवि अब्दुर रहीम खानखाना द्वारा लिखी गई थी। कवि किस प्रकार के संसाधन की और संकेत कर रहा है? इस संसाधन के समाप्त हो जाने पर क्या होगा? इसे 100 शब्दों में लिखिए।

MUKUTclasses

उत्तर: इन पंक्तियों में कवि जल संसाधन की ओर संकेत कर रहा है। अगर जल संसाधन समाप्त हो गया तो पृथ्वी पर जीवन असंभव हो जाएगा। जल संसाधन के बिना सारे पौधे सूख जाएंगे। समुंद्र सूख जाएंगे जिससे सारे समुंद्री जीव मर जाएंगे। पानी के बिना मनुष्य भी जीवित नहीं रहेगा। वनों में रहने वाले सभी जीव पानी की कमी से मर जाएंगे। इस प्रकार पूरे पृथ्वी से जीवन समाप्त हो जाएगा।

प्रश्न 5: संसाधन क्या होते हैं? संसाधन कितने प्रकार के होते हैं?
उत्तर: प्रत्येक वस्तु जिसका उपयोग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किया जाता है, वह संसाधन हैं।
संसाधन तीन प्रकार के होते हैं:-

1. प्राकृतिक
2. मानव निर्मित
3. मानव

MUKUTclasses